भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 292

दिनांक 04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

## रबर किसानों के लिए एमएसपी

292. श्री के. राधाकृष्णन:

क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्ष 2019 से प्रत्येक वर्ष के दौरान आयातित प्राकृतिक और मिश्रित रबर की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के देशों पर लागू अधिकतम आयात शुल्क का ब्यौरा क्या है तथा वर्ष 2019 से आसियान देशों से आयातित प्राकृतिक और मिश्रित रबर की मात्रा क्या है;

(ग) अन्य कौन-कौन से देश है जहां से भारत द्वारा इस अवधि में रबर का आयात किया गया और देशवार, वर्षवार आयात की मात्रा क्या है; और

(घ) क्या सरकार रबर किसानों के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर रबर के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क)** वर्ष 2019-20 से देश द्वारा आयातित प्राकृतिक रबड़ (एचएस 4001) और मिश्रित रबड़ (एचएस 4005) की वर्ष-वार मात्रा का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

**(ख)** प्राकृतिक रबड़ और मिश्रित रबड़ के आयात के लिए आसियान देशों पर लागू आयात शुल्क अनुबंध-II में दिया गया है। वर्ष 2019-20 से आसियान देशों से प्राकृतिक रबड़ और मिश्रित रबड़ के आयात का विवरण अनुबंध-III में दिया गया है।

**(ग)** वर्ष 2019-20 से प्राकृतिक रबड़ के देश-वार आयात का ब्यौरा अनुबंध-IV में दिया गया है।

**(घ)** वर्तमान में, भारत सरकार संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के विचारों और अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के पश्चात कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर 22 अधिदेशित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए अधिदेशित फसलें धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, तूर (अरहर), मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, सोयाबीन, तिल, नाईजर बीज, कपास, गेहूं, जौ, चना, दाल (मसूर), रेपसीड/सरसों, सैफ्लावर, जूट और खोपरा हैं।

***

**अनुबंध I**

**दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| **प्राकृतिक रबड़ और मिश्रित रबड़ का आयात (मात्रा टन में)** | | |
|---|---|---|
| **वर्ष** | **प्राकृतिक रबड़** | **मिश्रित रबड़** |
| 2019-20 | 457223 | 101703 |
| 2020-21 | 410478 | 95566 |
| 2021-22 | 546369 | 114638 |
| 2022-23 | 528677 | 137018 |
| 2023-24 | 492682 | 169820 |
| 2024-25 (अप्रैल-नवंबर) | 427265 | 145655 |

(स्रोत: रबड़ बोर्ड)

अनुबंध II

**दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| <u>प्राकृतिक रबड</u> | लागू आयात शुल्क |
|---|---|
| एचएस 400110 | 70% |
| एचएस 400121 | 25% या 30 रुपये प्रति किलोग्राम जो भी कम हो |
| एचएस 400122 | |
| एचएस 400129 | |
| एचएस 400130 | 0% |
| <u>मिश्रित रबड</u> | लागू आयात शुल्क |
| एचएस 400510 | 0% |
| एचएस 400520 | 5% |
| एचएस 400591 | |
| एचएस 400599 | |

**अनुबंध III**

दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

| आसियान देशों से प्राकृतिक और मिश्रित रबड़ का आयात (मात्रा मीट्रिक टन में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एचएस कोड | वित्तीय वर्ष **2019-20** | वित्त वर्ष **2020-21** | वित्त वर्ष **2021-22** | वित्त वर्ष **2022-23** | वित्त वर्ष **2023-24** | वित्त वर्ष **2024-25** (अप्रैल-नवंबर) अनंतिम |
| <u>प्राकृतिक रबड</u> | | | | | | |
| एचएस 400110 | 7776 | 3443 | 10480 | 5294 | 11583 | 5978 |
| एचएस 400121 | 61497 | 47006 | 48720 | 42292 | 31609 | 44435 |
| एचएस 400122 | 344120 | 298081 | 379340 | 331493 | 335205 | 252707 |
| एचएस 400129 | 4980 | 3158 | 2739 | 3646 | 4518 | 2378 |
| एचएस 400130 | 0.01 | 0.02 | 2447 | 0.36 | 0.29 | 0.14 |
| <u>मिश्रित रबड</u> | | | | | | |
| एचएस 400510 | 50908 | 50934 | 61047 | 74290 | 113684 | 107823 |
| एचएस 400520 | 182 | 278 | 355 | 286 | 429 | 309 |
| एचएस 400591 | 339 | 406 | 137 | 695 | 219 | 137 |
| एचएस 400599 | 735 | 403 | 647 | 580 | 486 | 563 |

(स्रोत: रबड़ बोर्ड)

अनुबंध **IV**

दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

| प्राकृतिक रबड़ का देशवार आयात (मात्रा टन में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| देश | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25 (अप्रैल-नवंबर)** |
| आसियान देश | 418373 | 351688 | 443725 | 382725 | 382915 | 305498 |
| श्रीलंका | 1201 | 307 | 114 | 1023 | 234 | 769 |
| कोटे डी आइवर | 27056 | 46226 | 75081 | 121046 | 90374 | 104310 |
| बांग्लादेश | 5558 | 1663 | 3544 | 1437 | 2725 | 2107 |
| नाइजीरिया | 907 | 424 | 1654 | 3895 | 1036 | 3662 |
| गैबॉन | 0 | 340 | 0 | 2029 | 0 | 113 |
| घाना | 2923 | 8691 | 20507 | 14818 | 5674 | 1969 |
| कैमरून | 0 | 202 | 40 | 121 | 2075 | 1814 |
| लाइबेरिया | 0 | 0 | 0 | 221 | 1714 | 3929 |
| अन्य देश | 1205 | 937 | 1704 | 1362 | 5935 | 3094 |
| कुल | 457223 | 410478 | 546369 | 528677 | 492682 | 427265 |

(स्रोत: रबड़ बोर्ड)

***